BSES

मोहल्लों में स्पेशल कैंप लगाकर मौके पर ही सुलझाई जा रही हैं उपभोक्ताओं की समस्याएं

नई दिल्लीः 8 अप्रैल, 2015। बीएसईएस ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को मौके पर ही सुलझाने के लिए, उनके मोहल्लों में *स्पेशल कैंप* लगाने शुरू किए हैं। ये स्पेशल कैंप/ शिविर, बीएसईएस के कस्टमर केयर ऑफिसों और कंप्लेंट सेंटरों के अतिरिक्त हैं। इन स्पेशल कैंपों से पूर्वी, मध्य, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में रहने वाले बीएसईएस के 1.2 करोड़ उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

बीएसईएस के उच्च अधिकारियों से लैस इन तत्काल कैंपों में लोग बिजली के नए कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं, मीटर–धारक अपना नाम बदलवा सकते हैं, बिजली के बिल निकलवा सकते हैं, लेट पेमेंट सरचार्ज के बारे में जानकारी ले सकते हैं और साथ ही बिजली की आपूर्ति संबंधी समस्याओं का समधान भी करवा सकते हैं। विभिन्न इलाकों में किस दिन और किस वक्त स्पेशल कैंप लगाए जाएंगे, इसका विवरण बीएसईएस की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसके अलावा, जिस इलाके में कैंप लगाया जाना है, वहां के प्रमुख लोगों और आरडब्ल्यूए असोसिएशनों को पहले ही इस बारे में सूचित कर दिया जाता है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। इलाके के विधायकों की सलाह के आधार पर इन कैंपों का आयोजन किया जा रहा है।

अब तक मयूर विहार, आईपी एक्सटेंशन, लक्ष्मी नगर, कृष्णा नगर, करावल नगर, कड़कड़डूमा, शंकर रोड, पटेल नगर, आरके पुरम, ग्रेटर कैलाश, जंगपुरा, ओखला, हरि नगर, उत्तम नगर, के कई इलाकों में ये स्पेशल कैंप लगाए जा चुके हैं, जहां बीएसईएस को उपभोक्ताओं की ओर काफी अच्छा रेस्पॉन्स मिला है। सैकड़ों उपभोक्ताओं ने इन स्पेशल कैंपों में विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया है। अन्य इलाकों में भी तत्काल कैंप लगाए जा रहे हैं।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, हालांकि बीएसईएस के 33 कस्टमर केयर सेंटरों और 170 से भी अधिक कंप्लेंट सेंटरों पर पहले की ही तरह अब भी सुविधाएं दी जा रही हैं। लेकिन, उपभोक्ताओं की सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए इन स्पेशल कैंपों की शुरूआत की गई है, ताकि वे अपने मोहल्ले में ही अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकें। साथ ही, बीएसईएस की विभिन्न सेवाओं का लाभ भी तत्काल उठा सकें। विभिन्न इलाकों के माननीय विधायकों से बातचीत के आधार पर इन कैंपों का आयोजन किया जा रहा है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....